प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

0

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय युवा दिवस पर आज दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद में तीन हजार युवा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान युवा नेता प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण पर अपनी प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित भी करेंगे।

मुख्यमंत्री–प्रवास

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हमीरपुर जिला के प्रवास के दौरान आज अमलेहड़ में राजीव गांधी राजकीय मॉडल डे–बोर्डिंग स्कूल की आधारशिला रखेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री किटपल से बल्ह नौरी गांव संपर्क सड़क पर तिरंगल के पास मसेह नाला पर बनने वाले पुल का शिलान्यास करेंगे।

लोहड़ी

लोहड़ी के त्योहार को लेकर इन दिनों प्रदेश में खूब रौनक देखी जा रही है। बाजार लोहड़ी की सामग्री से गुलजार है और लोग मूंगफली, तिलगरी और गजक सहित अन्य सामान की खरीददारी कर रहे हैं। हालांकि आधुनिकता की चकाचौंध में लोहड़ी का उत्साह अब लुप्त सा हो गया है। हमारे सोलन संवाददाता से बातचीत करते हुए लोगों का कहना है कि पहले घर–घर जाकर लोहड़ी मांगी जाती थी और लोहड़ी के गीत गाए जाते थे, लेकिन अब सोशल मीडिया के दौर में ये सब फोन तक ही सीमित होकर रह गया है।

आगजनी

कुल्लू ज़िला में मनाली के नजदीक बुरूआ गांव में बीती रात एक रिहायशी मकान आगजनी की घटना में जलकर राख हो गया। इस घटना में 10 लाख रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है। आग लगने की सूचना मिलते ही मनाली से दमकल विभाग के वाहन घटनास्थल की ओर रवाना हुए और आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी भी प्रकार के जानी नुकसान की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

**मौसम**

प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। राज्य के जनजातीय जिला किन्नौर तथा लाहौल–स्पीति में हिमपात का समाचार है। कल कुल्लू तथा लाहौल–स्पीति की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई है। कुल्लू के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों सोलगनाला, अटल टनल रोहतांग, धुंधी, कोठी इत्यादि में हल्का हिमपात हुआ है। शिमला जिला में ठियोग से नारकंडा मार्ग यातायात के लिए बंद है। वाहनों को सैंज से लूहरी–सुन्नी होते हुए परिवर्तित किया गया है। इसके अलावा देहा–चौपाल मार्ग भी यातायात के लिए बंद है। एक सप्ताह बाद मौसम के बदलने से एक बार फिर से प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में आ गया है। किन्नौर जिले में भी ताजा बर्फबारी हुई है अधिक ब्यौरे के साथ हमारी संवाददाता की ये रिपोर्ट.......

**मौसम–2.......**

सोलन में भी सुबह से बारिश हो रही है। कुल्लू जिला के रोहतांग दर्रा, कोकसर, अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल के आसपास, चंबा के दुर्गम क्षेत्र भरमौर में भी कल दोपहर बाद हल्की बर्फबारी हुई है, जबकि शिमला समेत पूरे प्रदेश में बादल छाए रहे। मौसम विभाग केअनुसार राज्य में आज भी बारिश और बर्फबारी का दौर जारी रहने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग द्वारा आज ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, सोलन, सिरमौर, कांगड़ा और मंडी जिला में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....**

आज समाचार पत्रों अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

**अमर उजाला के शब्द हैं–हिमाचल में चोटियों पर बर्फबारी, मैदानों में कोहरा, ठंड बढ़ी।**

**दैनिक भास्कर** ने **मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू** के हवाले से लिखा है **मादक पदार्थों, नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों से निपटने को एस टी एफ का करेंगे गठन।**

हाईकोर्ट के फैसले से जुड़ी खबर को **दैनिक जागरण** ने शीर्षक दिया है **अस्पष्ट आरोपों पर कार्रवाई जारी रखना कानून प्रक्रिया का दुरूपयोग।**